ईरान में 20 से ज्यादा मौतें, 582 गिरफ्तार

सत्ता विरोधी आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन

तेहरान, ईरान, 5 जनवरी. ईरान में सत्ता विरोधी आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार अब तक 20 से अधिक लोग मारे गए और 58 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं.

देश के 25 प्रांतों में प्रदर्शन जारी हैं. इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर नागरिकों पर दमन किया गया तो अमेरिका कड़ा कदम उठाएगा. निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए आंदोलन जारी रखने की अपील की है. ईरान में पिछले दिनों शुरू हुए विरोध प्रदर्शन अब हिंसक रूप लेने लगे हैं. रिपोर्टों के अनुसार अब तक कम से कम 17 लोगों की मौत हुई है, जबकि 582 से अधिक नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों के 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन जारी हैं. विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों और नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी और सत्ता विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई. अगर प्रदर्शन उनकी सुरक्षा एजेंसियों के नियंत्रण से बाहर चले गए और शासन अस्थिर हो गया.

आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाश्त नहीं : ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है. श्री ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा इस पर हमारी करीबी नजर है. पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा. एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है.

संगीत सोम को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ। 05 जनवरी सरकारी मोबाइल पर धमकी मिलने से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को लेकर हड़कंप मच गया है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर बंगला भाषा में एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें बम से उड़ाने की बात कही गई। इसी मैसेज में एक भारतीय न्यूज चैनल को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के तुरंत बाद संगीत सोम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उस मोबाइल नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई.

11 जनवरी को सोमनाथ मंदिर जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे. इस दौरान वे 8 से 11 जनवरी तक आयोजित चार दिवसीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के समापन समारोह में भाग लेंगे.

अधिकारियों के अनुसार, इस अवसर पर स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत वर्षभर चलने वाले विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत भी की जाएगी. सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की भावना को सशक्त करना है. आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन व सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे, जिनमें देशभर से संत-महात्मा व श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं. प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात, स्वच्छता व स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

पीएम की चादर चढ़ाने पर रोक की मांग खारिज

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर सालाना उर्स के दौरान प्रधानमंत्री और अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की ओर से चादर चढ़ाने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है. अदालत ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत विचार योग्य नहीं है. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका स्वीकार करने का कोई आधार नहीं बनता. साथ ही कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का अजमेर की निचली अदालत में लंबित किसी भी मामले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

ऊर्जा मंत्री ने किया पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 नवाचारों का शुभारंभ

नवभारत, जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन महत्वपूर्ण नवाचारों का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर के सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। मंत्री श्री तोमर ने कंपनी के आधुनिक 'नालंदा' अभिलेख कक्ष, क्यूआर आधारित फीडबैक प्रणाली और 'पेंशन मित्र' पुस्तिका का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटरीकृत रिकॉर्ड रूम से 32 हजार से अधिक फाइलें सुरक्षित रहेंगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता व सुविधा बढ़ेगी।बक्यूआर फीडबैक प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहार, कार्यप्रणाली और कार्यालयीन स्वच्छता पर सीधे प्रबंधन को सुझाव दे सकेंगे। वहीं 'पेंशन मित्र' पुस्तिका और उसका एआई आधारित चैटबॉट पेंशनधारकों को नियमों व लाभों की सरल जानकारी उपलब्ध कराएगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट खिलाड़ियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी सहित पूर्व क्षेत्र कंपनी की पूरी टीम को नवाचारों के लिए शुभकामनाएं दीं।

अमित शाह ने अरुल्मिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में की पूजा

नई दिल्ली, 5 जनवरी. गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के श्रीरंगम स्थित पावन अरुल्मिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. साथ ही देश के सभी नागरिकों के सुख, शांति और कल्याण के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना की.

फडणवीस ने अमरावती में आईटी निवेश को बढ़ावा देने दिया आश्वासन

अमरावती, `5 जनवरी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य सरकार अमरावती के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर उसे एक आधुनिक शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है.

श्री फडणवीस ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमरावती सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आईटी क्षेत्र में निवेश लाने की कोशिश की जाएगी. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नवनीत राणा के साथ 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार के तहत शहर में एक रोड शो किया. श्री फडणवीस ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अमरावती को आधुनिक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. पंजाबराव देशमुख और शिवाजी एजुकेशन सोसाइटी जैसे दिग्गजों ने अमरावती और पश्चिमी विदर्भ में शिक्षा के लिए एक मजबूत नींव रखी है.

और इस बात पर बल दिया कि अगला कदम इस क्षेत्र में उद्योग, खासकर आईटी उद्योग लाना है. उन्होंने घोषणा की कि निकट भविष्य में अमरावती में एक आईटी पार्क स्थापित किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने चल रही और आने वाली परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शहर के लिए कई विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई है. अमृत योजना के तहत जल आपूर्ति परियोजनाएं चल रही हैं, जबकि 212 करोड़ रुपये की सड़क विकास योजना को मंजूरी दी गई है. उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अमरावती में स्थापित किया जा रहा है और यह पूरा होने के अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल पार्क ने पहले ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार पैदा किया है और आने वाले पीएम-मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क से लाखों लोगों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है.

केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को दी जन्मदिन की बधाई



नई दिल्ली, 05 जनवरी. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाए दी हैं. केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मनीष ने राजनीति में ईमानदारी और सादगी के साथ शिक्षा क्षेत्र में अनूठा योगदान दिया है. उन्होंने बच्चों के भविष्य और आम आदमी के सपनों को हर चुनौती में प्राथमिकता दी. यह संदेश मनीष के समर्पण और उनके काम के महत्व को दर्शाता है.

दिल्ली में फरार हुआ कैदी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 05 जनवरी. दिल्ली पुलिस ने सोमवार को आजीवन कारावास के एक ऐसे दोषी को गिरफ्तार किया जो दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील खारिज होने के बाद जमानत तोड़कर फरार हो गया था. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है. पुलिस के अनुसार भीम महतो को 2002 में नबी करीम पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में अपने भाई किशन महतो की 1999 में हुई उसे तीस हजारी के एक सत्र न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी लेकिन बाद में उच्च न्यायालय में उसकी अपील लंबित रहने के दौरान वह जमानत पर रिहा हुआ था.

'एक शाम खाटू वाले के नाम' में झूमे भक्त

नई दिल्ली 05 जनवरी. नव वर्ष नव वर्ष के पावन अवसर पर हम सेवक श्याम के (रजि.) एवं नया सवेरा समिति संगठन द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रम एक शाम खाटू वाले के नाम श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया.

नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्याम प्रेमियों ने भक्ति और आनंद के साथझूमकर खाटू श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा समर्पित की. कृष्ण कुमार का ऑफिस, कुतुब विहार समता एन्क्लेव, एसबीआई बैंक - शिव मंदिर - पुलिस चौकी गोला डेरी, नजफगढ़ रोड (नियर द्वारका सेक्टर-19), नई दिल्ली - 110071 कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु महामंडलेश्वर संतोष साधिका एवं मुख्य अतिथि - कृष्ण कुमार सहरावत, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक (हम सेवक श्याम के रजि.) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई. मंच संचालन शिल्पी बहादुर 'श्याम लाडली' द्वारा किया गया.

अवैध खनन के विरुद्ध विभाग ने दिसम्बर में जब्त किए 574 वाहन

पटना, `5 जनवरी. बिहार खान एवं भूतत्व विभाग ने दिसंबर में अवैध परिवहन में संलिप्त 574 वाहनों को जब्त किया है. बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग की ओर से राज्य भर में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है. दिसम्बर में पूरे राज्य में विभाग द्वारा कुल 4,582 जगहों पर छापेमारी हुई, जिसमें सर्वाधिक 331 छापेमारी औरंगाबाद में की गई. इस माह अवैध परिवहन में संलिप्त 574 वाहनों को जब्त किया गया. एक माह में कुल 248 प्राथमिकियां दर्ज हुईं जिसमें सर्वाधिक 15 गिरफ्तारियां पटना में हुई. खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कुशल प्रबंधन एवं नियमित अनुश्रवण के फलस्वरूप खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा दिसंबर 2025 तक के वार्षिक राजस्व लक्ष्य के मुकाबले 102 प्रतिशत राजस्व हासिल किया गया है.

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in
क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/36 दिनांक: 06.01.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।
किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)
P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara
Phone (o) : 07162-230266, Email : registrar.cuc@mp.gov.in
क्र. 61/भण्डार निविदा/रा.श.श.वि./2026 छिंदवाड़ा, दि. : 05.01.2026

ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम क्रय हेतु ई-निविदा **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। जिसका निविदा नं. 2026_CU_473225_1 है। निविदाओं का विस्तृत विवरण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की अधिकृत वेबसाइट **https://cuc.ac.in** पर दिनांक 05.01.2026 से उपलब्ध है।
संपर्क - श्री गजेन्द्र मौर्य, मो.नं. 7693952248
(सहायक कुलसचिव, भण्डार)
म.प्र. माध्यम/123838/2026 कुलसचिव

महर्षि पतञ्जलि संस्कृत संस्थान
"संस्कृत भवनम्"
गेट वे ऑफ एक्सीलेंस फॉर संस्कृत
प्रदेश के विद्यार्थियों के लिये संस्कृत भाषा एवं साहित्य के साथ आधुनिक विषयों की उच्च गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क तथा आवासीय शिक्षा

शासकीय आदर्श कन्या आवासीय संस्कृत विद्यालय भोपाल
कक्षा 6ठी में 60 सीट पर प्रवेश हेतु

- कक्षा 6ठी से 12वीं तक संस्कृत भाषा एवं साहित्य की निःशुल्क शिक्षा।
- परिपूर्ण सुविधायुक्त आवासीय छात्रावास।
- निःशुल्क भोजन की व्यवस्था।
- खेल/योग/स्काउट-गाइड (भोपाल)/एन.सी.सी. (भोपाल)/संगीत/नाट्यशास्त्र की पाठ्येत्तर गतिविधियाँ।
- सभी कक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण भी।
- विशेष प्रोजेक्ट/कार्यशालाओं के अंतर्गत छात्रों हेतु सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्लान।
- छात्रों में अन्तर्निहित क्षमता के विकास हेतु पृथक-पृथक गतिविधियां।
- परम्परागत संस्कृत के साथ कक्षा 6ठी से 12वीं तक NCERT पाठ्यक्रम आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन में शिक्षण।

विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** पर देखें। आवेदन एम.पी. ऑनलाइन **www.mponline.gov.in** अथवा हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** पर कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क रु. 200/- निर्धारित है जो एम.पी ऑनलाइन कियोस्क पर देना होगा, इसमें कियोस्क शुल्क भी सम्मिलित है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी राशि नहीं देनी होगी। कक्षा 6ठी में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण अथवा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में भाग लेने हेतु पात्र हैं।

- **परीक्षा तिथि** : 08 फरवरी 2026 (रविवार)
- **परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि -** 16 जनवरी 2026
- **परीक्षा केन्द्र** : जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

नोट - परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** अथवा **www.mpsos.nic.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अंकित होगी।
परीक्षा आयोजन संस्था - मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल
म.प्र. माध्यम/123829/2026

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
MP Online Help Line 0755-6720400
प्रॉपर्टी फॉर सेल
नये साल में प्राइम लोकेशन पर हाउसिंग बोर्ड की प्रॉपर्टी खरीदने का सुनहरा अवसर
सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में यथास्थिति में बहुत कम कीमत में ऑफर के माध्यम से घर क्रय कर तुरंत आधिपत्य प्राप्त करने का सुनहरा अवसर (जहाँ हैं, जैसे हैं के बहुत सस्ते घर)

क्र.	योजना का नाम एवं प्रकार	संपत्ति का प्रकार एवं क्रमांक	भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.)	कुर्सी क्षेत्रफल (व.मी./प्रति भवन)	संपत्ति अपसेट मूल्य (रु. लाख/ प्रति भवन)	धरोहर राशि (रु. लाख)	ऑफर पत्र का मूल्य (रुपये)
1.	38/50 MIG Deluxe	MIG DLX.- 40, 67, 72, 76, 77	135.00	73.09	26.33	526600/-	1180/-
		MIG DLX.-78 (Corner)	166.50	73.09	29.10	582000/-	1180/-
2.	38/50 MIG Deluxe	MIG DLX.- 61	141.81	73.09	26.72	534400/-	1180/-
3.	38/50 MIG Deluxe	MIG DLX.- 65	146.70	73.09	27.00	540000/-	1180/-
4.	38/50 MIG Deluxe	MIG DLX.- 71	154.70	73.09	27.46	549200/-	1180/-
5.	12/50 MIG Deluxe	MIG DLX.- 41 (Corner)	182.00	73.09	30.05	601000/-	1180/-
		MIG DLX.-75 (Corner)	135.00	73.09	27.10	542000/-	1180/-
		MIG DLX.- 34	135.00	73.09	26.33	526600/-	1180/-
6.	36/50 Sr. MIG	Sr. MIG - 42, 43, 45, 49, 50, 56, 67, 71, 72, 75, 76, 77, 79	112.50	56.50	18.69	373800/-	1180/-
		Sr. MIG-41	107.25	56.50	18.39	367800/-	1180/-
		Sr. MIG-74 (Corner)	112.50	56.50	19.33	386600/-	1180/-
7.	14/50 Sr. MIG	Sr. MIG-66, 69	112.50	56.50	18.69	373800/-	1180/-
8.	36/46 Jr. MIG-B	Jr. MIG-162, 178	78.00	46.80	16.11	322200/-	1180/-
		Jr. MIG-161 (Corner)	78.00	46.80	16.56	331200/-	1180/-
9.	80/89 EWS	EWS- 260, 261, 265, 266, 267, 268, 269, 270, 271, 274, 276, 277, 278, 280, 281, 283, 284, 285, 288, 289, 290, 291, 292, 294, 295, 296, 297, 298, 299, 300, 304, 306, 307, 309, 310, 311, 312, 313, 314, 315, 316, 317, 320, 321, 322, 323, 324, 326, 327, 330, 331, 332, 334, 335, 336	40.50	24.60	8.03	160600/-	590/-
10.	15/100 EWS (I)	EWS - 171	40.50	24.00	7.13	142600/-	590/-
11.	15/100 EWS (II)	EWS - 180, 192	40.50	24.00	7.10	142000/-	590/-
12.	30/100 EWS	EWS - 173, 177	40.50	24.00	6.85	137000/-	590/-
13.	50/261 LIG	LIG - 229, 241, 245, 272	78.00	46.80	12.96	259200/-	590/-
14.	34/44 EWS	EWS - 169, 189	32.40	20.88	5.62	112400/-	590/-
15.	81/261 EWS	LIG - 282, 284, 285, 292, 306, 309, 343, 344	78.00	46.80	13.07	261400/-	590/-
16.	40/100 EWS	EWS - 227	40.50	24.00	5.85	117000/-	590/-
17.	34/44 EWS	EWS - 167, 168, 170, 171, 173, 187, 188, 197, 199, 200	32.40	19.25	6.07	121400/-	590/-

प्रक्रिया एवं शर्तें :- (1) आवेदन एवं धरोहर राशि ऑनलाइन ही स्वीकार किया जावेगा। (2) पूर्ण राशि जमा कर विक्रयनामा पंजीकृत कराने के उपरांत ही भवन का आधिपत्य यथास्थिति प्रदान किया जावेगा। (3) भवन का ऑफर स्वीकृत होने उपरांत शेष राशि एकमुश्त देय होगी। (4) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू रहेंगी एवं समय-समय पर मण्डल एवं शासन द्वारा जारी आदेश/परिपत्र हितग्राही पर बंधनकारी होंगे। (5) ऑफर स्वीकृति के उपरांत यदि आवेदक स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराते हैं तो धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के आवंटी को वापस की जावेगी। (6) भवन का लीजरेन्ट भूखण्ड की कीमत का 0.55 प्रतिशत प्रतिवर्ष देय होगा एवं 15 वर्ष का लीजरेन्ट अग्रिम एकमुश्त जमा करने पर 30 वर्ष लाभ मिलेगा। (7) विज्ञापन तथा प्राप्त ऑफर किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित होगा, जिस पर किसी का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा। (8) धरोहर राशि ऑनलाइन/आर.टी.जी.एस. से जमा करने पर रजिस्टर्ड मोबाइल पर बिड आई.डी. मिलेगी। (9) भवन यथा स्थिति में विक्रय किये जा रहे हैं अत: इनमें किसी भी प्रकार की मरम्मत अथवा सुधार नहीं किया जावेगा एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार का वैधानिक दावा मान्य नहीं होगा। (10) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू।

(1) आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 20.01.2026. (2) ऑफर राशि/बिड डालने की अंतिम तिथि 22.01.2026. (3) ऑफर खोलने की तिथि 23.01.2026 शाम 3:00 बजे।
रिक्त रहने की स्थिति में पुन: अंतिम तिथि 24.02.2026. ऑफर राशि/बिड डालने की अंतिम तिथि 26.02.2026. ऑफर खोलने की तिथि 27.02.2026 शाम 3:00 बजे।
रिक्त रहने की स्थिति में पुन: अंतिम तिथि 17.03.2026. ऑफर राशि/बिड डालने की अंतिम तिथि 19.03.2026. ऑफर खोलने की तिथि 20.03.2026 शाम 3:00 बजे।

नोट:-भूखण्ड फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया मण्डल नियमानुसार लागू है|

संपर्क SANTOSH THAKUR (ESTATE OFFICER) Mob. 9424658909, KHUSHBOO KHARE (ESTATE MANAGER) Mob. 9300404653, ANKITA GUPTA (ASSISTANT ENGINEER) Mob. 9406916509, KANCHEDI KOSTA, Mob. 9303681448

संपदा अधिकारी
म.प्र. माध्यम/123832/2026 प्रक्षेत्र, धनवंतरी नगर जबलपुर